## रक्तदान शिविर का आयोजन

**भरतपुर ( निस )।** शिविर का शुभारंभ ने प्रदेशाध्यक्ष कृष्णा जाट व जिला गोरक्षा प्रमुख संतोष सिकरवार सहित अतिथियों ने फीता काटकर किया। अध्यक्षता तहसीलदार अमित कुमार शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि सरपंच मोहन रारह, पसस दिनेश भातरा, राकेश भातरा, संरक्षक गिर्राज सिंह राजावत, जिला मंत्री बिट्टू राजावत, हरभान सिंह, धीरज शुक्ला, हमबीर सिंह, चंद्रमोहन, रंजीत रघुवंशी, कुलदीप राजावत, नवीन दुबे, ब्रजेश कुमार, बलराम हरसाना, संतोष कुशवाह व बंटी अंबेश थे। इस दौरान युवाओ ने शिविर में बढ़ चढ़कर भाग लिया। शिविर संयोजक शिवकांत योगी व संतोष सिकरवार ने बताया कि शिविर में महिला पुरुष व युवाओ ने 60 यूनिट रक्तदान किया।

रक्तदान का संग्रहण बीसीएमओ डॉ लखन के निर्देशन में अस्पताल के चिकित्सक डॉ ललितमोहन व डॉ विक्रम आंनद सहित आरबीएम भरतपुर की टीम के सदस्य डॉ नरेश चंद, एलटी दीपक चंसोरिया, संजू वाला, राधामोहन ने किया। अंत में सभी रक्तवीरो का अतिथियों ने माला पहनाकर व साफा बांधकर व फल खिलाकर, जूस पिलाकर तथा प्रशनस्त्री पत्र देते हुए राणा सांगा स्मारक की तस्वीर भेंटकर स्वागत व सम्मान किया गया।

इस मौके पर बंटी अंबेश, हरिसिंह कुंतल, संतोष फौजदार, गिर्राज सिंह, नितिन दाहिना, गौरव राजावत आदि उपस्थित थे।

# जिला को यथावत रखने के लिए अभिभाषक संघ ने किया प्रदर्शन

**गंगापुर सिटी ।** जिला बचाओ संघर्ष समिति की ओर से जिले में पुलिस अधीक्षक की नियुक्ति करने, जिला स्तर के किसी भी अधिकारी का तबादला नहीं करने और जिले को स्थाई स्वरूप देने की मांग को लेकर मंगलवार को

- **जिले में पुलिस अधीक्षक की नियुक्ति करने, और जिले को स्थाई स्वरूप देने की मांग को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट के बाहर धरना 11वें दिन मंगलवार को भी जारी रहा**

कलेक्ट्रेट के बाहर धरना 11वें दिन मंगलवार को भी जारी रहा। मंगलवार को एडवोकेट भी धरने के समर्थन में आ गए और धरना देकर जिले को बरकरार रखने की मांग की। अभिभाषक संघ के अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, सचिव एडवोकेट गजानंद शर्मा, उपाध्यक्ष हर्ष योगी, सचिव तन्वय श्रीवास्तव, केशियर भागचंद पल्लीवाल, बृजनंदन दीक्षित, राजेन्द्र आरओ, मो. अजीम, वैशाली शर्मा, प्रतिभा सोनी, तारा रानी, मीना शर्मा, संजय मीणा, मुकेश सहित दर्जनों अधिववक्ता ने धरने को संबोधित करते हुए गंगापुर को जिला यथावत रखने की मांग करते हुए कहा कि पुलिस अधीक्षक का तबादला कर और यहां पुलिस अधीक्षक का सवाई माधोपुर पुलिस अधीक्षक को अतिरिक्त कार्यभार देकर जिले को खत्म करने की साजिश की जा रही है, ऐसे में इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और अधिवक्ता इसका पुरजोर विरोध करेंगे। वहीं, दूसरी ओर युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुबह सिंह के बैनर तले वजीरपुर एसडीएम कार्यालय के बाहर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया और इसके बाद एसडीएम को ज्ञापन देकर जिले को बरकरार रखने की मांग की।

भारतीय युवा कांग्रेस परिवार सरकार द्वारा नवसृजित जिले के साथ खेली जा रही आंख मिचौली की घोर निंदा करता है। आगामी 14 अक्टूबर को गंगापुर सिटी जिला मुख्यालय पर जिला बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले आयोजित महापंचायत में युवा कांग्रेस के साथी पूरी ताकत के साथ सम्मिलित होंगे।

शीघ्र अति शीघ्र गंगापुर सिटी को नया पुलिस अधीक्षक सौंप कर जिले को यथावत रखने के आदेश जारी नहीं किए गए तो युवा कांग्रेस सडक से सदन तक आर पार की लडाई लडेगी और उग्र आंदोलन करेगी, जिसकी सरकार की जिम्मेदारी होगी।



जिला बचाओ संघर्ष समिति के धरना स्थल पर समर्थन देते अभिवक्ता संघ पदाधिकारी।

## सदस्यों व अधिकारियों की बैठक संपन्न

**सूरौठ ।** राजस्थान देव स्थान बोर्ड के सदस्यों और अधिकारियों की आवश्यक बैठक कमिश्नर कार्यालय में हुई संपन्न,बैठक में प्रदेश के सभी मंदिरों में यात्रियों को सुलभ दर्शन एवम् सुख सुविधा,मंदिरों का जिनोद्वार एवं उनकी मरम्मत करवाने, मंदिरों में दिए जा रहे प्रसाद की उच्च स्तरीय जांच करवाने, मंदिर की भूमियों पर हो रहे अवैध अतिक्रमण एवं कब्जों को हटवाने, मंदिर की सेवा कार्य कर रहे पुजारीयो की आर्थिक दशा में सुधार के लिए अतिरिक्त बजट आवंटित करने, एवं जर्जर अवस्था में पड़े मंदिरों का जिर्णोद्धार एवं नव निर्माण करवाने के संबध में प्रस्ताव पारित किया गया। निशुल्क हवाई एवम् रेल तीर्थ यात्रा में यात्रियों की संख्या बढ़ाने, दर्शन के नाम पर भक्तों को हो रही परेशानीयो पर असंतोष व्यक्त किया, देवस्थान बोर्ड के सदस्यों द्वारा लगातार मंदिरों का निरीक्षण करने सहित अन्य कई धार्मिक गतिविधियों एवं देवस्थान विभाग की आगामी रणनीति पर चर्चा की गई। मंदिरों के विकास के लिए शीघ्र एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं देवस्थान मंत्री से भी मिलेगा, देवस्थान विभाग के सदस्य राजीव शुक्ला ने कहा कि राजस्थान में भगवान के मंदिरों में किसी प्रकार की कोई भी लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी ।

## सार-समाचार

### भामाशाह धर्मेंद्र शर्मा का सम्मान



**भरतपुर ( निस )।** सामाजिक व धार्मिक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा के नेतृत्व में सारस चौराहा स्थित मैरिज होम में नगला परशुराम निवासी भामाशाह धर्मेंद्र शर्मा का पटका पहनाकर स्वागत-सम्मान किया गया। इस अवसर पर उनके पिता हजारीलाल शर्मा का भी पटका पहनाकर सम्मान किया गया। भामाशाह धर्मेंद्र शर्मा ने धार्मिक क्षेत्र में अपने गांव नगला परशुराम में महर्षि भगवान परशुराम की प्रतिमा सहित विभिन्न देवी देवताओं की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा करवाकर उल्लेखनीय योगदान दिया, साथ ही समाज एवं आमजन की भलाई के लिए भी अहम योगदान देकर अपने समाज का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर कार्यक्रम में पधारे हुए विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने धर्मेंद्र शर्मा व उनके पिता हजारीलाल शर्मा को भले कार्य करने के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा, समता आंदोलन के जिलाध्यक्ष केदार पाराशर, ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष ताराचंद चिचाना, सरपंच हरस्वरुप शर्मा, अन्नपूर्णा रसोई के संचालक विष्णुदत्त शर्मा, सेवानिवृत्त सहायक अभियंता इंजी. देवकीनन्दन शर्मा, राजस्थान रोडवेज संघ के संभागीय अध्यक्ष दिनेशचन्द शर्मा जघीना, ब्राह्मण सेवा समिति तिलक नगर के वरिष्ठ सदस्य पंडित बनवारीलाल शर्मा, एलआईसी के लालचंद शर्मा, समता आन्दोलन के अशोक शर्मा सारस, वाइस प्रिंसिपल बाबूलाल कटारा, समाजसेवी देवेंद्र मोहन तिवारी सहित विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। समाजसेवी हजारीलाल शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

### निशुल्क पदयात्रा 16 अक्टूबर को

**गंगापुर सिटी ।** मां केला देवी सेवा संस्थान समिति के तत्वाधान में 16 अक्टूबर शरद पूर्णिमा पर कैला देवी की निशुल्क पदयात्रा पुरानी अनाज मंडी सीता राम मंदिर से विधि विधान पूजा अर्चना कर दोपहर 2 बजे प्रस्थान करेगी। पदयात्रा के सांस्कृतिक प्रोग्राम संयोजक वेद प्रकाश मंगल ने बताया कि रविवार को यात्रा समिति के पदाधिकारी अध्यक्ष दिनेश चंद तमौलीपुरा, महामंत्री रमेश चंद तिवारी, यात्रा संयोजक राजेंद्र वैष्णव, दिनेश गुप्ता कोर्ट, महेश पडासोद, राकेश मंगल, राहुल गर्ग आदि ने पदयात्रा मार्ग सलेमपुर, कुडगांव, चैनपुर बालाजी, रामपुरा, बिजासन खोहरी माता, कैला देवी भवन पहुंचकर विश्राम व जागरण स्थल भंडारा स्थल मथुरा वालो की धर्मशाला का जायजा लिया। समिति के सदस्यों ने चैनपुर बालाजी पहुंचकर ढोंक लगाई और ग्राम वासियों के साथ मिलकर भगवती जागरण स्थल को दुरुस्त कराया। मार्ग में पदयात्रा का स्वागत सत्कार करने वाले भामाशाहों से भी संपर्क किया गया। पदयात्रा में खीर प्रसाद वितरण स्थल का चयन किया गया। खोहरी माता के दर्शन कर कैला देवी भवन पहुंचकर ढोंक लगाकर कैला देवी में भंडारा स्थल मथुरा वालों की धर्मशाला में पहुंच कर व्यवस्थाओ का जाएजा लिया। राकेश मंगल ने बताया कि 16 अक्टूबर शरद पूर्णिमा पर कैला देवी की निशुल्क पदयात्रा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सीताराम मंदिर से मुख्य बाजार होते हुए कैला देवी प्रस्थान करेगी। पदयात्रा का प्रथम विश्राम चैनपुर बालाजी पर रहेगा जहां विशाल भगवती जागरण का कार्यऋम एवं गैरई मोड बिजली घर के पास खीर प्रसादी वितरण एवं 17 अक्टूबर प्रात: 6 बजे से मथुरा वालों की धर्मशाला में विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा। समिति अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने मातारानी के सभी भक्तो से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पदयात्रा में चलने का आह्वाहन किया है।

### किशोरी मेले का आयोजन

भुसावर भरतपुर (निस)। कस्बा भुसावर के जगन्नाथ पहाडिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय किशोरी मेले का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालयों से आये 32 विद्यार्थियों ने भाग लिया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामफल मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि किशोरी मेले का शुभारंभ मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन करते हुए किया गया। उक्त कार्यक्रम में बच्चों ने पोस्टरों के माध्यम से विभिन्न संदेश दिये। इस कार्यक्रम के सीनियर वर्ग के जोन प्रथम में निहारिका प्रथम, गोल्डी द्वितीय एवं सुमित तृतीय स्थान पर रहे। जबकि जोन द्वितीय में रोनक, भूपेश एवं प्रिंस विजेता रहे। इसी तहत जोन तृतीय में चीनेश, शिवानी एवं काजल विजेता रहे। वहीं जूनियर वर्ग के जोन प्रथम में ऊमा भारती प्रथम, मोहित द्वितीय और सोनम तृतीय रहे। द्वितीय जोन में साक्षी, रवीना एवं पूनम तो जोन तृतीय में अर्चना, बर्षा और साक्षी विजेता रहे। सीबीईओ मीणा ने बताया कि प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

### जनसुनवाई का कार्यक्रम घोषित

**करौली ( नि.स. )।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सैना ने एक आदेश जारी कर बताया है कि माह अक्टूबर में रात्रि चैपाल व जनसुनवाई कार्यक्रम निम्नानुसार रहेगा। उन्होने बताया कि 15 अक्टूबर मंगलवार को सांय 6:00 बजे से ग्राम पंचायत बूकना पंचायत समिति सपोटरा,18 अक्टूबर शुक्रवार को सांय 6:00 बजे से ग्राम पंचायत गेरई पंचायत समिति करौली, 22 अक्टूबर मंगलवार को सांय 6:00 बजे से ग्राम पंचायत नीदर पंचायत समिति मण्डरायल व 24 अक्टूबर गुरूवार को सांय 6:00 बजे से ग्राम पंचायत सनैट पंचायत समिति महावीरजी में रात्रि चैपाल का आयोजन कर जन समस्याऐं सुन उनका निस्तारण किया जाएगा।

## छप्पन भोग, फूल बंगला,भगवती जागरण कार्यक्रम आज

**करौली ( नि.स. )।** मां करणपुर गुमानो मां सेवा समिति करौली के तत्वाधान में चल रहे नवरात्रि महा उत्सव के तहत आज बुधवार को मदन मोहन जी मंदिर के निकट गायत्री पैलेस गोपाल जी का मंदिर में माता रानी के दरबार को सुगंधित पुष्पों से सजाकर छप्पन भोग लगाए जाएंगे वहीं रात्रि को प्रमुख भजन गायक कलाकारों द्वारा माता रानी के भेंट,भजन,लांगुरिया की प्रस्तुति दी जाएगी।

समिति के पदाधिकारी गिर्राज तिवारी एवं प्रवक्ता जितेंद्र सिंह ने बताया कि इन दिनों चल रहे नवरात्र के दौरान मदन मोहन जी मंदिर के निकट गायत्री पैलेस में गुमानो माता की हस्त निर्मित प्रतिमा की पूजा अर्चना का कार्यक्रम चल रहा है इसी कडी में आज बुधवार 9 अक्टूबर छठ के अवसर पर विशेष पूजा और महा आरती का आयोजन किया जाएगा उन्होंने बताया कि प्रात: की पूजा के बाद दोपहर 2:00 बजे से माता रानी को छप्पन भोग लगाकर दरबार को सुगंधित पुष्पों से सजाया जाएगा वहीं रात्रि को यात्री पैलेस करौली में प्रसिद्ध भजन गायक कलाकारों द्वारा माता रानी का जगराता किया जाएगा इस अवसर पर उन्होंने अधिक से अधिक मां भक्तों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है इसके अलावा 15 अक्टूबर को गोपाल जी मंदिर नगड़खाना दरवाजा से विशाल कलश यात्रा के साथ करणपुर माता की पदयात्रा रवाना होगी जो शहर के प्रमुख मार्गो से कैलादेवी पहुंचेगी जिसका रात्रि को विश्राम माथुर वैश्य यात्री निवास में होगा वही 16 अक्टूबर को पदयात्रा करणपुर धाम के लिए रवाना होगी जहां माता के मंदिर में छप्पन भोग आदि कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# भाजपाईयों ने मनाया जश्न

**करौली ।** भारतीय जनता पार्टी की हरियाणा में प्रचंड जीत पर गुलाब बाग चैराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटी और पटाखे चलाकर जश्न मनाया। हरियाणा मे हुए चुनावो के बाद भाजपा कि प्रचंड जीत पर भाजपाईयो ने आति'ाबाजी कर मिठाई वितरण करते जुए ज'न मनाया इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष के के मित्तल, वेद प्रताप सिह राठौर लालाजी पूर्व जिलाध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ,नेहरू सिंह किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष, मुकेश सोनी सोसियल मीडिया प्रभारी, अजीत सिंह टटवाई पूर्व महामंत्री भाजपा देहात,रविंद्र सिंह शेखावत अध्यक्ष पूर्व किसान मोर्चा, रघुवीर काका, मान प्रकाश शुक्ला, सत्यनारायण महेरा,केशव भारद्वाज, प्रकाश एमटीओ, द्वारका गुप्ता, वासुदेव ठेकेदार, विजय ठेकेदार , सुरेश मिस्त्री, गोपाल शर्मा बस वाले, पुष्पेंद्र बंसल, अशोक बजाज, रमाकांत, विजय गुप्ता, ऋषि मीणा, लक्ष्मण मीणा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके अलावा रोडवेज बस स्टैण्ड के समीप भाजपा कार्यालय पर करौली के जिला अध्यक्ष शिवकुमार सैनी के नेतृत्व में भाजपाइयों ने हरियाणा में भारी जीत कि खुशी में जश्न मनाया भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने बताया कि जिला अध्यक्ष शिवकुमार सैनी के नेतृत्व मे भाजपाइयों ने गुलाब बाग स्थित जिला कार्यालय पर मिठाई वितरित कर एवं पटाखे फोड कर जश्न मनाया इस दौरान भाजपायों ने भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, भजनलाल शर्मा जिंदाबाद के नारे लगाए।



करौली में आतिशबाजी कर जश्न मनाते भाजपाई ।

## 'ग्रीन आतिशबाजी के ही अस्थाई अनुज्ञिप्त जारी करें'

**करौली( नि.स. )।** अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट राजवीर सिंह चैधरी ने आदेश जारी कर बताया कि दीपावली के त्यौहार पर आतिशबाजी पटाखा विक्रेताओं को अस्थाई लाईसेंस जारी करने हेतु 17 से 25 अक्टूबर के संबंध में आवेदक निर्धारित प्रारूप में दो ब्ल्यू प्रिंट नक्शा सहित संबंधित उपखंड कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि वे शहरी क्षेत्र में आयुक्त नगरपरिषद व अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका के साथ स्वयं एवं ग्रामीण क्षेत्र में तहसीलदार एवं ग्राम पंचायत के माध्यम से खुला सार्वजनिक स्थान चिन्हित कर तथा उस पर 10 वाई 15 फुट की साईज के भूखण्ड बनाकर पटाखा विक्रेताओं को खाली भूखण्डों पर 29 अक्टूबर से 12 नवम्बर तक की अवधि के लिए अस्थाई लाईसेंस जारी करें। चिन्हित स्थान पर पानी,प्रकाश एवं सफाई की व्यवस्था संबंधित नगर परिषद,नगरपालिका,ग्राम पंचायत द्वारा की जावे। उन्होंने बताया कि उक्त व्यवस्थाओं की एवज में संबंधित अस्थाई लाईसेंस धारक से एक निश्चित शुल्क वसूल किया जावे,अस्थाई अनुज्ञापत्र की फीस जरिए चालान बैंक के मद-0070 अन्य प्रशासनिक सेवाओं में जमा कराई जावे एवं नगरपरिषद, नगरपालिका, ग्राम पंचायत द्वारा निर्धारित शुल्क जमा किये जाने के बाद ही भूखण्ड का आवंटन करें। उन्होंने बताया कि विस्फोटक नियम 2008 में निर्धारित दिशा-निर्देशों की अक्षरश: पालना सुनिश्चित की जावे। दीपावली के त्योहार पर बिना लाईसेंस के कोई व्यक्ति आतिशबाजी या पटाखों का विक्रय करता पाया जावे तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जावे। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि एनसीआर क्षेत्र को छोडते हुए सम्पूर्ण राजस्थान में केवल ग्रीन आतिशबाजी के बेचने व चलाने की अनुमति होगी। उन्होंने बताया कि ग्रीन आतिशबाजी की पहचान प्रत्येक आतिशबाजी बॉक्स पर नीरी द्वारा जारी किये गये क्युआर कोड को स्कैन करके की जा सकती है। जिस शहर में एयर क्वॉलिटी खराब है वहां पर आतिशबाजी चलाने पर रोक रहेगी। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जावे की शांत क्षेत्र यथा अस्पताल, नर्सिंग होम, प्राथमिक एवं जिला स्वास्थ्य केन्द्र शिक्षण संस्थाए, न्यायालय, धार्मिक स्थानों से 100 मीटर के क्षेत्र में पटाखे नही चलाये जाये।

## जांच शिविर लगाया

**भरतपुर ( निस )।** लायंस क्लब भरतपुर सेंचुरी के द्वारा डॉ मोहकम सिंह हॉस्पिटल में निशुल्क दंत एवं अस्थि रोग परामर्श एवं जांच शिविर लगाया गया। जिसमें स्कूल जाने वाले नब्बे विद्यार्थियों एवं अन्य लोगों की दंत एवं अस्थि संबंधी जांच पूर्णतया निशुल्क की गई तथा उनको दवाइयां भी पूर्णता निशुल्क वितरित की गई। डॉ मोहकम सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों की बोन डेंसिटी की जांच की गई।

जिन विद्यार्थियों में कैल्शियम की कमी थी। उन्हें कैल्शियम की गोलियां दी गई तथा अस्थियों के स्वास्थ्य के संबंध में उन्हें जागरूक किया गया। दंत रोग विशेषज्ञ ने विद्यार्थियों को डेंटल केयर के बारे में जागरूक किया।

## परशुराम सेना का डांडिया महोत्सव संपन्न

**गंगापुर सिटी।** परशुराम सेना संघ के तत्वाधान में सोमवार को डांडिया महोत्सव भगवती पैलेस में संपन्न हुआ। कार्यऋम का शुभारम्भ मुख्य अतिथी हरिप्रसाद बोहरा, शैल शास्त्री, अपूर्व शास्त्री, पंकज उपाध्याय, परशुराम सेना संघ के अध्यक्ष डॉ अनुज शर्मा और महामंत्री कमलेश जोशी जी और कार्यऋम की संयोजक संगीता बोहरा ने परशुराम की चित्र समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया।

डांडिया महोत्सव विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता रखी गई जिनमें बंपर ड्रा विजेता अर्पणा शर्मा, क्विज कंपटीशन पूजा पाराशर और बबीता कौशिक, बेस्ट कपल डांस में वरुण और श्वेता शर्मा , बेस्ट सिंगल में मीनू पंचोली, बेस्ट डांडिया रत्नेश और दिया, विजेता रही। इस दौरान में नितेश शर्मा,रीना शर्मा,चंचल शर्मा अंजली दुबे राजकुमारी शर्मा मानवी शर्मा छाया शर्मा कृष्णा शर्मा पूनम शर्मा पूर्ति शर्मा नेहा शर्मा छवी शर्मा कविता शर्मा और रेखा शर्मा पिस्ता शर्मा अति शर्मा भाग्य शर्मा, कविता शर्मा, अलका शर्मा, परशुराम सेना संघ के उपाध्यक्ष अजय पाराशर, जिला महामंत्री वरुण जैमनि, मुकेश व्यास, धर्मेंद्र शर्मा, मनु शर्मा, राजेश आचार्य, राकेश उपाध्याय, राजेश, मनोज हरदेनिया, अमित महंत, कौशल बोहरा, डॉ सत्येंद्र पंचोली, डीके शर्मा आदि अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# पैंगबर मोहम्म्द के खिलाफ टिप्पणी करने पर मुस्लिम समाज ने किया प्रदर्शन

**गंगापुर सिटी।** पैंगबर मोहम्मद के खिलाफ यति नरसिंहानंद के द्वारा की गई टिप्पणी के मामले में मंगलवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कलेक्ट्रेट पर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कलेक्टर गौरव सैनी को राष्टपति के नाम ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बताया कि भारत देश एक लोकतांत्रिक व धर्मनिरपेक्ष देश है और यहां हिंदू,

- **पैंगबर मोहम्मद के खिलाफ यति नरसिंहानंद के द्वारा की गई टिप्पणी के मामले में मंगलवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कलेक्ट्रेट पर नारेबाजी पर विरोध प्रदर्शन किया।**
- **कलेक्टर गौरव सैनी को राष्टपति के नाम ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की।**

मुस्लिम, सिख, इसाई आदि सभी समुदाय के लोग अपने धर्मो का पालन करते हुए एवं भारतीय संविधान की पालना करते हुए निवास कर रहे है, लेकिन विगत कुछ समय से पैंगबर हजरत मोहम्मद पर कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा आए दिन आपत्तिजनक घृणित बयान दिए जा रहे हैं।

जिससे मुस्लिम समाज के लोगों की भावनाएं भडकाकर सांप्रदायिक सौहार्द बिगडने की साजिश की जा रही है। उक्त आपत्तिजनक बयानों से मुस्लिम समुदाय की भावना आहत हो रही है, लेकिन उक्त असामाजिक तत्वों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होने से आए दिन आपत्तिजनक बयान देने से बाज नहीं आ रहे हैं। यति नरसिंहानंद द्वारा 29 सितंबर 2024 को गाजियाबाद के लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में एक सेवा संस्थान की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में यति नरसिंहानंद ने पैंगबर हजरत मोहम्मद के खिलाफ विवादित और नफरत की बयान देकर अपने समुदाय के लोगों को इस्लाम धर्म के विरुद्ध भडकाने का कार्य किया।

यति नरसिंहानंद द्वारा पैंगबर मोहम्मद के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणी एक गंभीर अपराध है, जो न केवल मुसलमानों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाती है बल्कि भारत के राष्ट्रीय हितों और अधिकारों को भी कमजोर करने वाली है। यति नरसिंहानंद आदतन अपराधी है और इनके खिलाफ कई मामले दर्ज है। उन्होंने मामले को गंभीरता से लेकर यति नरसिंहानंद सहित ऐसे नफरती लोगों के खिलाफ यूएपीए और एनएसए के तहत कार्रवाई कर फांसी की सजा दिए जाने की मांग की। इस दौरान ज्ञापन देने वालों में हाजी अनवर अली काजी, मौलाना शाबान, वाजिद खान, मौलाना आलम, महबूब खान एवं अन्य मुस्लिम समाज के लोग मौजूद थे।



ज्ञापन देने जाते मुस्लिम समाज के लोग।

## आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का उद्घाटन

**भरतपुर ( निस )।** जसवंत प्रदर्शनी एवं पशु मेले में आयुर्वेद विभाग भरतपुर द्वारा संचालित आरोग्य प्रदर्शनी एवं आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का विधिवत उद्घाटन जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव द्वारा डॉ इंदु शर्मा उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग की उपस्थिति में किया गया। आयुर्वेद चिकित्सा शिविर प्रभारी डॉ ललित व्यास ने प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान आयुर्वेद चिकित्सा की विभिन्न विधाओं जैसे पंचकर्म चिकित्सा, क्षार सूत्र चिकित्सा, अग्नि कर्म एवं विद्ध कर्म चिकित्सा से किस तरह से जटिल से जटिल व्याधियों को ठीक करने में आयुर्वेद चिकित्सा कारगर सिद्ध हो रही है। वहीं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए स्वर्ण प्राशन संस्कार, विभाग में संचालित आंचल प्रसूता केंद्र एवं जरावस्था व्याधि निवारण केंद्रों की जानकारी के साथ साथ आयुर्वेद चिकित्सा कैसे आमजन के लिए महत्वपूर्ण है और कैसे इसके बारे में जो मिथ्या धारणा आमजन में दूर कर आयुर्वेद को जन जन तक पहुंचाने पर पोस्टर प्रजेंटेशन के द्वारा बताया गया। शिविर प्रभारी डॉ ललित ने बताया कि मेले के दौरान शिविर स्थल पर प्रात: योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा एवं दिन में आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के दौरान सहायक अधिकारी उमाशंकर शर्मा, आयुर्वेद चिकित्सक डॉ राजकुमार शर्मा, के साथ साथ भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# 'घर-घर सदस्यता हर घर सदस्यता अभियान का शुभांरभ'



भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे घर-घर सदस्यता हर घर सदस्यता महा अभियान का शुभांरभ किया गया।

भरतपुर (निस)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे घर-घर सदस्यता हर घर सदस्यता महा अभियान के तहत पं. दीनदयाल उपाध्याय मण्डल भरतपुर में मण्डल अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार जाटव की अध्यक्षता एवं मुख्य अतिथि के रुप में संभाग प्रभारी आई.टी. विभाग रोहित उपाध्याय के नेतृत्व में शुभांरभ किया गया। जिसमें मण्डल अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार जाटव ने बताया कि यह अभियान प्रत्येक शक्ति केन्द्र पर संयोजक नियुक्त कर हर बूथ पर 200 सदस्य बनाकर इस महा अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया गया और उक्त मौके पर पधारे मुख्य अतिथि के रुप में रोहित उपाध्याय ने सदस्यता अभियान को गति देते हुए मण्डल में घर-घर जाकर 310 सदस्य बनाये गये एवं उन्होने बताया कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे पार्टी है जो कि समाजवाद, जातिवाद, और क्षेत्रवाद से परे हटकर एक भारत श्रेश्ठ भारत की तर्ज पर चलकर सबका साथ सबका विकास और सबके विश्वास के साथ चलकर अपने कार्यकर्ता को साथ लेकर चलती हैं। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार जाटव, मण्डल अभियान संयोजक चन्द्रवीर जघीना, राकेश वर्मा, मण्डल उपाध्यक्ष राकेश सोगरवाल, कल्पेष भारद्वाज, मण्डल मंत्री जयप्रकाष, आकाश राजपूत, मण्डल आईटी संयोजक चिराग चौधरी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन राकेश सोगरवाल मण्डल उपाध्यक्ष ने किया।